1 -APR-JAS Bhoomi -pg-1_Layout 1 4/1/2024 8:17 PM Page 1


हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 32.2 डिग्री

4 38 तक पहुंचा पारा, झुलसा रहा सूरज



## खबर संक्षेप

### विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कल

**जशपुरनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 हेतु समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 03 अप्रैल 2024 को आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के विधानसभा क्रमांक 12 जशपुर, 13-कुनकुरी एवं 14-पत्थलगांव के मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रातः 10.30 से शाम 5.00 बजे तक आयोजित की गई है। प्रशिक्षण में समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के अंतिम काल खण्ड में प्रशिक्षण से संबंधित परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा।

### विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 3 अप्रैल को

**जशपुरनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 हेतु समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 03 अप्रैल 2024 को आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र विधानसभा क्रमांक 12 जशपुर, 13-कुनकुरी एवं 14-पत्थलगांव के समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण 03 अप्रैल को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रातः 10.30 से शाम 5.00 बजे तक आयोजित की गई है। प्रशिक्षण में समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के अंतिम काल खण्ड में प्रशिक्षण से संबंधित परीक्षा का आयोजन भी किया जाएगा।

### 7 तक भरे जाएंगे नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश फार्म

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र में स्नातक नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 07 अप्रैल 2024 निर्धारित कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर ऑनलाईन 07 अप्रैल तक भर सकते है। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 13 जून 2024 को आयोजित होगी। व्यवसायिक परीक्षा मण्डल के संयुक्त नियंत्रक जे सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन कोई परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद 08 अप्रैल से 10 अप्रैल तक त्रुटि सुधार की सुविधा भी रहेगी। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।

### 28 वर्षों से फरार लूट का वारंटी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लूट के मामले में 28 वर्षों से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को पंडरापाठ के ग्राम साम्भर भडिया के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार जशपुर जिले के बगीचा सांभर भडिया निवासी 40 वर्षीय विमल उर्फ बंडा कोरवा आ. लोहरा राम कोरवा पर वर्ष 1997 में 457, 394 के तहत लूट का अपराध दर्ज किया गया था। आरोपी के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया था जिसके बाद पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र चौकी पण्डरापाठ में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### मान्यता है कि मीठे चांवल माता को पसंद

# मारवाड़ी समाज ने की माता शीतला की पूजा अर्चना



माता शीतल की पूजा के लिए लगी कतारें।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

मारवाड़ी समाज के लोगों ने माता शीतला की पूजा अर्चना की। इसके लिए सुबह से ही लंबी-लंबी कतारें सत्यनारायण मंदिर स्थित शीतला मंदिर में लगी हुई थी। मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने अपने पूरे श्रृंगार को पहन कर शीतल जल से बासी मीठे चावल बनाकर व मूंग दाल की धोक लगाई गई। ऐसी मान्यता है कि माता शीतला की बासी मीठे चावल से पूजा अर्चना करने पर परिवार में चेचक, छोटी माता, बड़ी माता का प्रकोप से परिवार बच्चा रहता है। आज सत्यनारायण मंदिर स्थित माता शीतला के मंदिर में सुबह से ही महिलाओं की लंबी-लंबी कतारे लगी हुई नजर आने लगी थी।

## श्याम मंदिर में वार्षिक उत्सव मनाने का निर्णय



श्री श्याम बाबा जी मंदिर के द्वितीय वार्षिक उत्सव को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। वार्षिक उत्सव मनाने के लिए सभी तैयारियां अपने अंतिम चरण पर है। कार्यक्रम का शुभारंभ 8 अप्रेल को श्याम मंदिर में दादी रानी सती का मंगल पाठ से होगी। इसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाओं की भागीदारी होगी। 9 अप्रैल को भव्य निशान यात्रा श्याम मंदिर से निकाली जाएगी। निशान यात्रा में सूरजगढ़ के हजारीलाल इंदौरिया मौजूद रहेंगे व रात्रि में भजन उत्सव में सूरजगढ़ का दरबार सजेगा। 10 अप्रैल को श्याम मंदिर परिसर में देश के ख्याती प्राप्त श्याम भजन गायक जयशंकर चौधरी कोलकाता, विवेक शर्मा कोलकाता, नितेश शर्मा कोलकाता ,संजय सेन सूरजगढ़ अपनी प्रस्तुति देंगे । श्याम सेवा समिति के महेंद्र अग्रवाल, मधुसूदन गोयल, प्रवीण गर्ग, सुशील बालाजी ,सुनील पेट्रोल पंप ,रमेश पप्ल ,नरेश झलक सर्प ,महावीर भगवती रोड ,अशोक अग्रवाल प्रतापगढ़ ,डॉक्टर आशीष, धीरज अग्रवाल ,मुकेश अग्रवाल सहित सभी श्याम भक्त कार्यक्रम को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए जी लगे हैं।

## दुष्कर्म के सभी चार आरोपी गिरफ्तार




**पत्थलगांव।** पुलिस ने 10 घण्टे के अंदर टीम बनाकर तीन नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म करने वाले सभी बालिग और नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस कप्तान शशिमोहन सिंह ने बताया कि तीन नाबालिग लड़कियों के साथ एक कार में मैनपाट और फिर होटल में दुष्कर्म किया गया है। जिसमे पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी चार आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। जिसमे से दो बालिग और दो नाबालिग है थाने में एफआईआर की जा रही है।

## 535 नग नशीले इंजेक्शन के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शहर में नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत गांधीनगर पुलिस बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ग्राहक का इन्तजार कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 535 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है जिसकी कीमत लगभग साढ़े तरह हजार रुपए आंकी गई है। युवकों ने झारखंड से नशीली दवाएं लाकर खपाने की बात कबूल की है। बता दें कि आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर ऑपरेशन विश्वास चलाया गया है। इस अभियान के तहत गांधीनगर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि महुआपारा चर्च के समीप गौरव पांडेय, राहुल साहू व अनुज केरकेट्टा भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री के लिए ग्राहक का इन्तजार कर रहे है।

# मतदाता जागरूकता अभियानः शहर में निकाली गई जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में दिलाई गई शपथ




मतदाता जागरूकता रैली।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जशपुर शहर, कुनकुरी सहित अन्य निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जशपुर नगर पालिका क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली के जरिये सभी मतदाताओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने बैनर, पोस्टर और स्लोगन के साथ लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। वही कुनकुरी स्थित संकल्प शिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ ही सभी को लोकसभा निर्वाचन 2024 में 7 मइ को शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इसी तरह स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जशपुर शहर स्थित सनुदायिक भवन, सोगडा क्लस्टर सहित अन्य स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधि जारी है। जिसके जरिए सभी को लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## मवेशियों से भरा पिकअप छोड़कर फरार हुए तस्कर

**अंबिकापुर।** ग्रामीणों के डर से तस्कर मवेशियों से भरा पिकअप वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से 15 नग गाय, बैल को बरामद करने के साथ ही पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है इसके साथ ही पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बलरामपुर जिले के कुसमी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 मार्च की सुबह ग्राम सिविलदाग निवासी संतोष बुनकर के घर के सामने एक सोल्ड पिकअप वाहन खड़ा था। संदिग्ध रूप से खड़े पिकअप की जब ग्रामीण ने तलाशी ली तो उसने मवेशी भरे हुए थे। ऐसे में उसने इस बात की जानकारी गांव के सरपंच देवसाय भगत को दी जिसके बाद सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सोल्ड पिकअप वाहन से 15 नग गाय व बैल बरामद किया है।

# महाराष्ट्र के आदिवासी किसान आज से पांच दिनों तक रहेंगे जिले के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- स्थानीय उत्पादों एवं प्रसंस्करण की लेगें जानकारी




उत्पादों की जानकारी लेंगे किसान।

मुंबई स्थित शॉप फॉर चेंज फेयर ट्रेड एनजीओ एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में महाराष्ट्र राज्य के आठ आदिवासी किसान 02 से 06 अप्रैल 2024 तक जशपुर जिले में प्रवास पर रहेंगें।

जय जंगल फार्मर्स प्रोडूसर कंपनी की मदद से जव्हार के आठ आदिवासी किसान को जशपुर जिले की दौरा कराया जाएगा। किसानों को बालाछापर में ढेकी कुटा प्रोसेसिंग और महुआ स्टोरेज, जशपुर मुख्यालय में स्थित फुड लैब, सी-मार्ट, गम्हरिया में महुआ प्रोसेसिंग, केन्दापानी में महुआ उत्पादन क्षेत्र का अवलोकन कराया जाएगा। किसानों के यात्रा का उद्देश्य महुआ, मिल्लेट्स और अन्य स्थानीय उत्पादों के उत्पादन एवं प्रसंस्करण के बारे में जानकारी एकत्रित कराना है औज जिले से अनुभव प्राप्त करना है। वे अपनी आदिवासी संस्कृति को भी साझा करना चाहते हैं। जव्हार के किसान जशपुर में महुआ संग्रहण और प्रसंस्करण के बारे में जानने के लिए उत्साहित हैं। साथ ही जिला प्रशासन जशपुर में आदिवासी समुदाय को कैसे समर्थन दे रहा है, उन्हें 'जश प्योर' ब्रांड बनाने और आवश्यक बुनियादी ढांचे को विकसित करने में मदद कर रहा है। यह पहल महाराष्ट्र के आदिवासी किसानों के साथ साझेदारी बनाने का एक बेहतरीन उदाहरण है।

## संकल्प एवं प्रयास शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए निशुल्क कोचिंग प्रारंभ



**पत्थलगांव।** लगभग सभी कक्षाओं के वार्षिक परीक्षा समाप्त हो चुके हैं वहीं बच्चों को रिजल्ट भी सुना दिया गया है अब दौर है अगली कक्षाओं में एवं विशेष संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षाओं का इस प्रवेश परीक्षा में जशपुर जिला हेतु विशेष एवं महत्वाकांक्षी योजना संकल्प संस्थान में प्रवेश परीक्षा की , संस्था में प्रवेश परीक्षा का फॉर्म जारी हो चुका है तथा 13 मई को परीक्षा संभावित है बच्चों को इस संस्थाओं में प्रवेश में आने वाली दिक्कतों को सुगम बनाने के लिए माध्यमिक शाला भाथुडाँड़ के शिक्षक कुंदन कुमार गुप्ता शिक्षा गणित एवं शाला में पदस्थ शिक्षकों के सहयोग से संकल्प संस्थान में प्रवेश हेतु निःशुल्क अतिरिक्त कक्षा आरंभ की गई है इस अतिरिक्त का कक्षाओं में अन्य हिंदी माध्यम विद्यालय के भी छात्र-छात्राएं भी शामिल हो सकते है निश्चित तौर से इस प्रकार की अतिरिक्त कक्षाएं बच्चों को अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु विशेष सहयोग प्रदान करेगी वहीं पत्थलगांव विकासखंड के अतिरिक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी नित्यानंद छत्तर सर ने बताया कि शिक्षकों द्वारा इस प्रकार के अतिरिक्त कक्षाओ की सराहना करते हुए बताया कि निश्चित तौर से इस प्रकार की कक्षाएं बच्चों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए मिल का पत्थर साबित होगी।

# विधायक रायमुनी ने की लाभार्थियों से मुलाकात

**जशपुरनगर।** विधायक श्रीमती रायमुनी भगत सोमवार को बगीचा ब्लॉक के दौरे पर रही। इस दौरान विधायक बछरांव, गायलूंगा, कलिया, कुटमा, टांगरडीह और जुरूडांड पहुंच भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वितों से मुलाकात की।

विधायक श्रीमती रायमुनी भगत सोमवार को बगीचा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई। श्रीमती भगत ने बछरांव, गायलूंगा, कलिया, कुटमा, टांगरडीह और जुरूडांड में ग्रामीणों को जागरूक करते हुवे लोकसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य वोट का उपयोग करते योग्य प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। श्रीमती भगत ने बताया कि भाजपा की तरफ से इस बार योग्य उम्मीदवार के रूप में राधेश्याम राठिया को चुनावी मैदान में उतारा गया है जिसे वोट देकर भारी मतों से जीत दिलाना है। श्रीमती भगत ने आगे कहा कि इस वक्त राज्य और केंद्र दोनों जगह भाजपा की डबल इंजन की सरकार है जो विकास के नए आयाम रोजाना गढ़ते हुए विकास की गति तेज करने में लगी हैं। डबल इंजन की सरकार से आमजनों को भारी उम्मीदें हैं, इन उम्मीदों पर खरा उतरने एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना होगा। इसके लिए भाजपा की तरफ से योग्य उम्मीदवार राधेश्याम राठिया को चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया है जिसके पक्ष में काम करते जीत की राह सुनिश्चित किया जाए। श्रीमती भगत ने केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लाभार्थियों से भी मुलाकात की। विधायक भगत के साथ मुकेश शर्मा, राम सलोने मिश्रा, शंकर गुप्ता, रीना बरला, गेंदबिहारी, कृपा शंकर भगत, केशव, शंकर सिंह, अनिल जायसवाल, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सुनीता बरला, शंकर बरला, राहुल गुप्ता, दीपू मिश्रा, दिवाकर यादव, ग्राम के सरपंच, कोरवा समाज, नगेसिया समाज, कुम्हार समाज आदि कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित थे।



गांवों में जनसंपर्क करतीं विधायक रायमुनी भगत।

## युवती को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में युवक गिरफ्तार



**अंबिकापुर।** युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मृतिका को शादी का झांसा देकर उसके साथ प्रेम संबंध बनाए हुए था और जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने उससे झगड़ा कर भगा दिया था जिसके बाद युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। धौरपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चंदेश्वरपुर निवासी 19 वर्षीय दिनेश सिंह पुसाम का युवती से चार वर्षों से प्रेम संबंध था। इस दौरान उसने युवती को शादी करने का वादा किया था लेकिन बाद में वह शादी से मुकर गया। 19 फरवरी की रात युवती आरोपी दिनेश सिंह के घर पहुंची थी और शादी करने की बात कही तो आरोपी ने उससे झगड़ा कर भगा दिया और शादी करने से इनकार कर दिया। वहीं अगली सुबह 20 फरवरी को युवती की लाश कटहल पेड़ पर फांसी से लटकी मिली थी। युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही थी और जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी युवक दिनेश सिंह पुसाम को धारा 306 के तहत गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में थाना धौरपुर से प्रधान आरक्षक जयनाथ भगत, आरक्षक नेस्तोर कुजूर, आरक्षक सैनाथ लकड़ा, आरक्षक मुनेश्वर पन्ना सक्रिय रहे।

### 65 प्रतिशत राजस्व की वसूली हो चुकी

# नपा अपना वार्षिक राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने के करीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नव नियुक्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी पालिका का वार्षिक राजस्व लक्ष्य प्राप्त करने में लगे हैं। 2 करोड़ 92 लाख 81 हजार रुपए के लक्य के एवज में लगभग 2 करोड़ रुपए का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। कुल मिलाकर लगभग 65 प्रतिशत राजस्व वसूली किया जा चुका है।

नव पदस्थ नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय पदभार ग्रहण करते ही राजस्व टीम को कर वसूली में लगाकर लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है। जिससे नगरपालिका के राजस्व में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपाध्याय के पदस्थ हुए एक सप्ताह ही हुए है और एक हफ्ते में लगभग 25 से 30 लाख रुपए की राजस्व वसूली की गई है। यह बताना लाजमी है,कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपाध्याय इसके पूर्व पाटन के मुख्य नगर पालिका अधिकारी थे जो की पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल के गृह ग्राम है। वहां रहते हुए एक लाख से कम जनसंख्या वाले शहर में सबसे स्वच्छ शहर का कई अवार्ड राष्ट्रपति के हाथो ले चुके है। अब ऐसा लगाने लगा है की जशपुर नगरपालिका के दिन भी फिरेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया की कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन में जशपुर नगर पालिका भी बेहतर प्रदर्शन करेगी।



### सफलता के लिए मेहनत करनी होगी

उच्च अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन का शत-प्रतिशत पालन करते हुए कड़ी मेहनत करके एक बेहतर आदर्श स्थापित किया जा सकता है। अगर आपको सफलता चाहिए तो लगातार कड़ी मेहनत करनी होगी। यही आदर्श वाक्य है।

**-योगेश्वर उपाध्याय,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी जशपुर।

## शहर के मुख्य चौराहों पर बनाए जाएंगे ट्रैफिक बूथ, पर्याप्त रौशनी की होगी व्यवस्था

**अम्बिकापुर।** शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के साथ ही शहर के चौक चौराहों पर यातायात नियमों के तहत व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के लिए नगर निगम, लोनिवि व यातायात विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर कार्य योजना बनाई गई।

निरीक्षण के दौरान शहर के चौक चौराहों, सड़कों, पेय जल व्यवस्था, सांकेतिक चिन्ह, रोड़ लाईट, ट्रैफिक सिग्नल, ट्रैफिक आईलैण्ड, ट्रैफिक मार्किंग, सायलेंस जोन, स्पीड ब्रेकर, एण्ट्री बोर्ड, प्रतिबंधित क्षेत्र, रिफ्लैक्टर रेडियम इत्यादि का किया गया निरीक्षण। बता दें कि शहर में यातायात व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ ही लोगों की सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर भोस्कर विलास व एसपी विजय अग्रवाल द्वारा अधिकारियों की बैठक ली गई थी। बैठक के बाद सरगुजा पुलिस से राजपत्रित अधिकारियों, नगर निगम कमिश्नर, लोनिवि, यातायात विभाग की टीम द्वारा चौक-चौराहों एवं सड़कों एवं यातायात व्यवस्था इत्यादि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी चौक चौराहों पर यातायात जागरूकता के लिए जिंगल साउंड सिस्टम लगाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही ट्रैफिक सिग्नल, ट्रैफिक आइलैंड सभी चौक चौराहों व तिराहों पर बनाए जाने पर चर्चा की गई। चौक चौराहों व तिराहों पर पेयजल व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। शहर में चौक चौराहों पर यातायात नियमों की जानकारी के होर्डिंग लगाए जाएंगे व तिराहों पर रिफ्लेक्टिव मिरर लगाए जाएंगे। मुख्य चौक चौराहों पर ट्रैफिक बूथ बनाए जाएंगे। चौक चौराहों व तिराहों पर पर्याप्त रौशनी के लिए हाईमास्क लाइट लगाए जाएंगे ताकि सड़को पर अंधेरा के कारण हादसा न हो। सड़क पर घूमने वाले आवारा मवेशियों पर रिफ्लेक्टर रेडियम तेल लगाए जाएंगे और काऊ कैचर के माध्यम से मवेशियों को सड़क से हटाने का काम किया जाएगा। शहर के भीतर चौक चौराहों एवं तिराहों के साथ ही रिंग रोड में ट्रैफिक मार्किंग कराई जाएगी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टाइटैनिक' में हीरोइन की जान बचाने वाला लकड़ी का टुकड़ा हुआ नीलाम



हॉलीवुड के इतिहास के कई सबसे मशहूर प्रॉप्स की पिछले हफ्ते नीलामी की गई, जिनमें द शाइनिंग का ऐक्स, फॉरेस्ट गंप की चॉकलेट का संग्रह और इंडियाना जोन्स का भरोसेमंद व्हिप शामिल हैं। इन खजानों में से सिनेमा का सबसे चर्चित प्रॉप्स पांच करोड़ रुपये यानी 718,750 डॉलर से अधिक में बेचा गया है। यह कुछ और नहीं बल्कि, लकड़ी का तैरता हुआ टुकड़ा था, जिसने 'टाइटैनिक' के 'रोज' को जीवित रखा, लेकिन जैक डॉसन को डूबने से नहीं रोक सका। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बिक्री प्लैनेट हॉलीवुड रेस्तरां और रिजॉर्ट समूह द्वारा आयोजित प्रोप और कॉस्ट्यूम नीलामी के दौरान हुई थी। नीलामीकर्ताओं हेरिटेज ऑक्शन के अनुसार इस प्रोप यानी लकड़ी के दरवाजे को मलबे के एक पूरे टुकड़े से बनाया गया था, जो 1912 की आपदा से बरामद किया गया था। 'टाइटैनिक' के एक दृश्य में इस्तेमाल किए गए इस लकड़ी के टुकड़े को नीलामी में 718,750 डॉलर यानी 5,99,25,637 रुपये में बेचा गया है। टाइटैनिक की रिलीज के बाद से प्रशंसकों को आश्चर्य हो रहा है कि क्या जैक अपनी प्रेमिका रोज के साथ खुद को भी सुरक्षित रखने के लिए उस लकड़ी के दरवाजे पर फिट नहीं हो सकता था। 'टाइटैनिक' के इस दृश्य में लियोनार्डो डि कैप्रियो द्वारा निभाए गए किरदार 'जैक' को दिखाया गया था, जो खुद बर्फीले पानी में रहता है, लेकिन रोज को बचाने के लिए उसे लकड़ी के उस दरवाजे पर चिपके रहने की सलाह देता है और खुद दम तोड़ देता है। फिल्म का अंत लोगों को भावुक कर देता है। जिसके बाद से दर्शकों ने रोज को स्वार्थी करार दिया। टाइटैनिक के निर्देशक जेम्स कैमरून ने एक बार खुलासा किया कि उन्हें हर दिन सैकड़ों पत्र मिलते हैं, जिनमें रोज को स्वार्थी और जैक को बेवकूफ करार दिया जाता है, लेकिन उन्होंने यह कहकर चर्चा खत्म कर दी कि स्क्रिप्ट का पालन करने के लिए जैक को मरना होगा। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि हमने गड़बड़ कर दी हो और बोर्ड थोड़ा छोटा होना चाहिए था, लेकिन कहानी में जैक को मरना ही था।

### टॉलीवुड


## विश्वक की आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक हुआ जारी



तेलुगु अभिनेता और निर्देशक विश्वक सेन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'गामी' को लेकर चर्चा में है। वहीं, विश्वक आज अपना 29वां जन्मदिन भी मना रहे हैं। अपने जन्मदिन के मौके पर अभिनेता ने फैंस को खास तोहफा दिया है। जन्मदिन के मौके पर विश्वक के अगली फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक एंग्री यंग मैन अवतार में नजर आ रहे हैं, जिसके बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्वक के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने अभिनेता के 10वें फिल्म की घोषणा की। विश्वक की आगामी फिल्म का 'मैकेनिक रॉकी' रखा गया है। वहीं फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक का लुक बेहद धांसू नजर आ रहा है। हाथ में रिंच लिए हुए विश्वक पोस्टर में सिगरेट पीते हुए नजर आ रहे हैं। हल्की दाढ़ी के साथ विश्वक का शरारती अंदाज बेहद शानदार नजर आ रहा है। गौरतलब है कि विश्वक की यह फिल्म एक एक्शन कॉमेडी होगी, जिसमें खूबसूरत अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी उनके अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण एसआरटी एंटरटेनमेंट बैनर तले किया जा रहा है, जिसे रवि तेजा मुल्लापुडी निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म का म्यूजिक जेक्स बेजॉय तैयार कर रहे हैं। वहीं, सिनेमैटोग्राफर मनोज कटासानी करेंगे। फिल्म की रिलीज और अन्य जानकारी अभी प्रतीक्षा में है।

### भोजपुरी

## 'ममता की छांव में' झकझोर देगी दर्शकों को, अरविंद का धमाका



भोजपुरी स्टार अरविंद अकेला कल्लू की फिल्में खूब पसंद की जाती हैं। एक बार फिर से एक्टर एक जबरदस्त फिल्म लाने की तैयारी कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग आजमगढ़ में जोर-जोर से चल रही है। इसे दिग्गज डायरेक्टर जल्द लेकर आ रहे हैं।


सुर म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बन रही भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग इन दिनों जोर शोर से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जनपद में चल रही है। इस फिल्म में युवा दिलों की धड़कन और सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू लीड रोल में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके अपोजिट पूजा गांगुली और आस्था सिंह फीमेल लीड में हैं। इस फिल्म के निर्देशक लालबाबू पंडित हैं, जिन्होंने अब तक कई सुपर डुपर हिट भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को दी है। वह एक ऐसे निर्देशक हैं, जिनके फिल्मों का इंतजार दर्शकों को बेसब्री से होता रहा है। वे अरविंद अकेला कल्लू को लेकर 'राज', 'दूल्हा धीरे-धीरे' जैसी हिट फिल्में भी बना चुके हैं, तो खेसारीलाल यादव के साथ भी 'फरिश्ता' जैसी फिल्मों से भी धूम मचाया है। अब, लाल बाबू पंडित एक बार फिर से नई फिल्म 'ममता की छांव में' लेकर आ रहे हैं, जिसकी कहानी बेहद मार्मिक और दिल को छू लेने वाली होगी। यह खुद लाल बाबू पंडित ने बताया है। इस फिल्म का निर्माण सुमित सिंह कर रहे हैं जो कि सुर म्यूजिक कंपनी के मालिक हैं। लाल बाबू पंडित ने कहा कि 'यह फिल्म एक मां की ममता पर आधारित है जिसमें अरविंद अकेला कल्लू एक खास किरदार निभाते नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि हम इस फिल्म का भव्यता से निर्माण कर रहे हैं और आजमगढ़ की धरती पर सभी लोग अपना हंड्रेड परसेंट दे रहे हैं। उम्मीद है कि हम अपनी पिछली फिल्म की तरह ही एक बेहतरीन फिल्म लेकर दर्शकों के बीच में होंगे और दर्शकों से हमें खूब प्यार और आशीर्वाद भी मिलेगा।'

### लाइफ स्टाइल




शादी भले ही निजी और पारिवारिक आयोजन हो लेकिन दुल्हन के तौर पर खुद को प्रेजेंट करना मॉडल्स के लिए एक चुनौती भरा काम होता है। न्यूयार्क फैशन वीक में अगले सप्ताह 2 से 4 अप्रैल तक ब्राइडल शो होने जा रहा है। इसके लिए मॉडल्स तैयारी में जुटी हैं। यहां कई नामचीन डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करेंगे।

## गर्मियों में ऑयली बालों पर करें लगाएं कुछ अलग हट कर



बालों लंबे और घने नजर आएं। इसके लिए अक्सर हम अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करते हैं। कई बार एक्सपर्ट की सलाह पर मौसम के बदलने पर ट्रीटमेंट भी कराते हैं। गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में तेज धूप की वजह से आने वाले पसीने से बालों में हर समय नमी और चिपचिपापन रहेगा, जिसकी वजह से बाल ऑयली नजर आएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप सही चीजों का इस्तेमाल अपने बालों पर करें। इसके लिए आप आर्टिकल से सही जानकारी लेकर बालों को हेल्दी बना सकती हैं।

### लाइट शैंपू का करें इस्तेमाल

अगर आपके बाल गर्मी में ज्यादा ऑयली रहते हैं तो इसके लिए आप हफ्ते में 2 से 3 बार इन्हें वॉश करें। साथ ही जिस शैंपू का इस्तेमाल करें वो लाइट हो। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आप ज्याद फोम का इस्तेमाल करेंगी तो बाल ज्यादा चिपचिपे नजर आएंगे। इसके लिए आप बाजार से इस तरह के शैंपू खरीदकर इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे बाल हेल्दी रहते हैं। साथ ही गर्मी में ऑयली नजर नहीं आते हैं। आप चाहें तो ड्राई शैंपू का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। लेकिन उस समय जब आपको जल्दी में कहीं बाहर जाना पड़े।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल


अगर आपको लग रहा है कि बाल ज्यादा ऑयली नजर आ रहे हैं तो इसके लिए हफ्ते में 1 बाद दही और शहद या एलोवेरा जेल और मुल्तानी मिट्टी लगाएं। इससे बालों को पोषण भी मिलेगा। साथ ही वो सिल्की और शाइनी नजर आएंगे। आप चाहें तो अंडा भी अपने बालों में इस्तेमाल कर सकती हैं। ऑयली बालों के लिए अच्छा होता है।

### मेथी दाने का लगाएं पानी

बालों के लिए मेथी दाना काफी अच्छा होता है। अगर आप इसके पानी में करी पत्ते के रस को मिलाकर लगाती हैं तो बाल ऑयली नजर नहीं आते हैं। इसका इस्तेमाल मैं भी अपने बालों में अक्सर करती हूं। साथ ही बाल झड़ने भी बंद हो जाते हैं। इसलिए आपको इसे ट्राई करना चाहिए, ताकि बाल हेल्दी रहें। साथ ही ऑयली भी नजर न आएं। इन चीजों का इस्तेमाल आप नियमित रूप से करेंगी तो आपके बाल हेल्दी रहेंगे। साथ ही गर्मी में ऑयल भी कम दिखाई देगा।

## रिसेप्शन में दिखाना है ग्लैमरस अंदाज तो पहनें इस तरह का गाउन







हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। इसकी तैयारी वो महीनों-महीनों पहले से करती हैं। शादी के कार्यक्रमों में जिस तरह से हल्दी, मेहंदी और संगीत काफी अहम होता है, उसी तरह से लोगों के लिए रिसेप्शन का कार्यक्रम भी काफी ज्यादा जरूरी होता है।

नई दुल्हन के लिए उसकी ससुराल में पहला कार्यक्रम रिसेप्शन ही होता है। इस कार्यक्रम में हर किसी की नजर दुल्हन पर ही होती है। एक समय था जब हर नई दुल्हन अपने रिसेप्शन के कार्यक्रम में एथनिक आउटफिट पहनती थी, लेकिन अब समय बदल गया है।

### सपना चौधरी का हैवी गाउन

अगर आप हैवी गाउन पहनकर अपना खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो सपना चौधरी का हैवी गाउन बेस्ट विकल्प है। ऐसे गाउन आजकल चर्चाओं में भी रहते हैं। ऐसे गाउन के साथ आप क्यूट सी हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं।



### मलाइका का ग्लैम लुक

अक्सर अपने ग्लैमरस लुक की वजह से लोगों का दिल जीतने वालीं मलाइका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। आप उनके इस लुक से टिप्स लेकर अपना रिसेप्शन लुक तैयार कर सकती हैं।

### गौहर खान का डीपनेक लुक

हरे रंग का ये डीपनेक बॉडीकॉन गाउन आपको ग्लैमरस लुक देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसके साथ अपने बालों को हल्का कर्ल जरूर करें। कर्ली बाल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे। इसके साथ ही डीपनेक होने की वजह से आप गले में कुछ क्लासी सा नेकपीस कैरी कर सकती हैं। बहुत से लोगों के यहां नई दुल्हनें लाल, पीला, हरा रंग ही कुछ दिनों तक पहनती हैं। ऐसे में आप कटरीना कैफ की तरह ही लाल रंग का बैकलेस स्लिट स्टाइल का गाउन अपने लिए तैयार करा सकती हैं।

## शादी में लहंगे के साथ वियर करें ये न्यू डिजाइन वाले झुमके



अगर आप लहंगा वियर कर रही हैं तो ये आउटफिट तब तक कम्पलीट नहीं होता जब तक आप इसके साथ मैचिंग ज्वेलरी ने पहन लें। वहीं ज्वेलरी में झुमके भी हैं जो आपके आउटफिट को कम्पलीट करते हैं तो वहीं ये आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाने का काम करते हैं। वहीं इन झुमकों की वजह से आप काफी खूबसूरत नजर आती हैं। बाजार में आपको कई तरह के झुमके मिल जाएंगे लेकिन अगर आप अपने लहंगे के साथ कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं या ये चाहती हैं कि आप आउटफिट के साथ कुछ न्यू डिजाइन वाले झुमके पहने तो आप आर्टिकल की मदद से इन नए डिजाइन के झुमके अपने आउटफिट के साथ मैच करके वियर कर सकती हैं।

### पीकॉक स्टाइल झुमके

इन दिनों ये पीकॉक स्टाइल झुमके काफी ट्रेंड में हैं और इन पीकॉक स्टाइल झुमके (झुमकी डिजाइंस) को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। इस झुमके में मोर का डिजाइन बनाया गया है साथ ही इन झुमके में मोतियां लगे हैं। इस तरह के पीकॉक स्टाइल झुमके आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे जिन्हें आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं और ये आपको आसानी से सस्ते दाम में मिल जाएंगे।

ये झुमके भी लहंगे के साथ वियर किए जा सकते हैं। ये लेयर्ड झुमका सिल्वर कलर में हैं और इस झुमके में दो लेयर में डिजाइन किया है। वहीं इस दो लेयर वाले झुमके में आप मोतियों का काम किया है और इस वजह से ये झूमक काफी खूबसूरत हैं। वहीं इस झुमके को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। वहीं इस तरह के झुमके आपको कई सारे ऑप्शन में मिल जायेंगे जिन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## अरसे बाद कर रहे हैं शेविंग, तो अपनाएं ये कुछ जरूरी टिप्स नहीं होगी दाढ़ी में जलन

अगर आप लंबे अरसे से दाढ़ी रखे हुए हैं और अब क्लीन शेव का मूड है तो कुछ जरूरी कदम आपको उठाने चाहिए। यदि आपकी त्वचा की सतह असमान है, तो गंदगी, धूल और डेड कोशिकाओं के जमा होने के कारण शेविंग करना आपके लिए आसान या सहज अनुभव नहीं होगा। आपके चेहरे के खिलाफ रेजर ब्लेड को बार-बार रगड़ने से घर्षण पैदा होगा, जो बाद में चकत्ते और लालिमा का कारण बनता है। इससे बचने के लिए समय-समय पर एक्सफोलिएट करने की आदत डालें। इसमें कॉफी ग्राउंड, ओटमील या ब्राउन शुगर जैसे दानेदार पदार्थ का उपयोग करके अपना चेहरा साफ करना शामिल है। रोम छिद्रों के अंदर फंसे सभी कचरे को हटाने के लिए अपनी त्वचा को उनके पेस्ट से धीरे से स्क्रब करें। शेविंग से ठीक पहले ऐसा करने से आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। यकीन जानिए, ये बढ़ी हुई बियर्ड को भी शेविंग के लिए मुलायम करने में मदद करेगा।

### ल्यूब्रिकेंट का प्रयोग करें



रूखे चेहरे और बढ़ी हुई दाढ़ी को शेव करना मुसीबत का नुस्खा है। आप सचमुच अपनी त्वचा पर एक तेज ब्लेड मार रहे हैं! दोनों के बीच एक बाधा के रूप में काम करने के लिए नमी की आवश्यकता होती है। यह घर्षण को कम करता है और इस प्रकार, रेजर के स्ट्रोक लगने से चकत्ते के ग्रोथ की संभावना कम हो जाती है। ये ठीक बालों को उनकी जड़ से काटना भी आसान बनाता है और इसलिए, आपको एक नरम और चिकनी फिनिश देता है। इसीलिए, शेविंग की शुरुआत करने से पहले अपने चेहरे को प्री-शेव तेल या फोमिंग क्रीम से मालिश करने की बहुत जरूरत होती है। अगर आप प्री-शेव तेल से मसाज नहीं करना चाहते हैं या आपके पास उपलब्ध नहीं है तो भी इसका उपाय मौजूद है। दाढ़ी या स्टबल को पहले गर्म गुनगुने पानी से धोएं। चेहरे को धोने के बाद मोटे तौलिया से थपथपाकर एक्स्ट्रा पानी सुखा लें। पानी के सूख जाने के बाद गुनगुने नारियल तेल और समान मात्रा में एलोवेरा जेल मिलाकर बालों की मसाज करें। यकीन जानिए, ये नुस्खा बालों और दाढ़ी के नीचे की स्किन को बहुत मुलायम बना देता है। ये आजमाया हुआ नुस्खा है और कभी भी फेल नहीं होता है। एक बार इस्तेमाल के बाद आप अपने अनुभव भी हमसे शेयर कर सकते हैं।

**कार्नर न्यूज**

### इन उपायों से अपने कपड़ों के कलर और फिटिंग भी रख पाएंगे बरकरार

## गर्मी में कपड़ों का ऐसे रखें ख्याल भूल जाएंगे नई ड्रेस खरीदना

*कपड़े जल्दी फटने या बदरंग होने के पीछे मुख्य कारण है- हमारी लापरवाही। इस वजह से लड़कों के गर्मियों के कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं। अगर आपके कपड़े भी लंबे समय तक नहीं चल रहे हैं तो आपको अपनी कुछ आदतों को बदलना होगा। सर्दी के कपड़ों की तुलना में गर्मी के दिनों में कपड़ों का ख्याल रखना जरूरी है। क्योंकि समर में कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं जबकि सर्दी के कपड़े खराब नहीं होते। इसलिए गर्मी की ड्रेस को धोने से लेकर सुखाने और उनको रखने तक हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। हम यहां पर उसके बारे में बात करने वाले हैं। बिना पानी के साफ करें कपड़े क्या हर बार कपड़ों को पानी से धोना जरूरी है?*



### डिटर्जेंट पाउडर के बिना कपड़ों की सफाई


गर्मी के दिनों में पसीने की वजह से हम कपड़ों को अधिक बार धोते हैं। इस वजह से फैब्रिक कमजोर हो जाते हैं। चूंकि पसीने को निकालने के लिए हर बार धोना जरूरी है। मगर डिटर्जेंट पाउडर हर बार उपयोग करना आवश्यक नहीं है। बिना डिटर्जेंट पाउडर के भी कपड़े को साफ पानी से धोया जा सकता है। इसके लिए कपड़े को साफ पानी में भिगोने के बाद उसको निचोड़ दें और महक के लिए लिक्विड का प्रयोग करें। इस तरह आप अपनी ड्रेस को डिटर्जेंट पाउडर से बचा सकते हैं। इससे आपके कपड़े की लाइफ बढ़ेगी।

### सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का प्रयोग

डिटर्जेंट पाउडर का इस्तेमाल कितना करना चाहिए? इसकी जानकारी डिटर्जेंट पाउडर के पैकेट पर लिखी होती है। इसके बावजूद भी कई लोग बिना पढ़े ही बाल्टी में डाल देते हैं। एक कपड़े के लिए भी उतना ही और चार कपड़े के लिए भी उतनी ही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर डालेंगे। ऐसे में कपड़े के फैब्रिक और रंग पर असर पड़ता है। इसलिए सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का उपयोग करें।


### डिटर्जेंट टिकिया का कम करें उपयोग

डिटर्जेंट पाउडर के बाद डिटर्जेंट टिकिया का इस्तेमाल, यानी दोनों चीजों को एक साथ क्यों इस्तेमाल करना। मगर लोग कपड़े चमकाने के चक्कर में ऐसा करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती, वे लोग कपड़े पर डिटर्जेंट टिकिया को इतनी जोर से रगड़ते हैं जिससे वे जल्दी फट जाता है। हमें कपड़े धोने के साबुन का प्रयोग अपर वियर ड्रेस के लिए नहीं करना चाहिए। खासकर जींस, कैजुअल पैंट आदि के लिए ये सही होते हैं। मगर उन पर भी हल्के हाथ से डिटर्जेंट टिकिया रगड़ें।



1 APR-Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/1/2024 8:22 PM Page 1





# मंकी मैन की रिलीज डेट पर लटकी तलवार

**मुंबई।** देव पटेल की मच अवेटेट फिल्म 'मंकी मैन' रिलीज को पूरी तरह से तैयार है। अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों में यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होगी, जबकि भारत में इसे 19 अप्रैल को रिलीज होना था। लेकिन अब भारतीय ऑडियंस को फिल्म देखने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया के लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट में 'मंकी मैन' की रिलीज डेट को बदल दिया गया है और लिखा है कि फिल्म जल्द ही रिलीज होगी, लिखा हुआ है। इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म का 19 अप्रैल को भारत में रिलीज नहीं हो पाएगी।

## लाइफ Style

# कृति



## विद्या संग काम करने की चाह

अभिनेत्री कृति सेनन लगभग दो महीने के अंतराल में बैक-टू-बैक रिलीज के साथ आगे बढ़ रही हैं। क्रू में करीना कपूर और तब्बू के साथ काम करने के बाद, कृति ने अब बहुमुखी विद्या बालन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। मीडिया से बातचीत के दौरान कृति ने कहा, मुझे विद्या बालन के साथ काम करना अच्छा लगेगा। मुझे लगता है कि वह ऐसी शख्स हैं, जिनकी मैं वास्तव में प्रशंसा करती हूं, उनके व्यक्तित्व और अभिनेता के लिए। इसलिए उम्मीद है कि कोई तो स्क्रिप्ट लिखेगा।

मुंबई। कृति ने काजोल संग स्क्रीन शेयर पर कहा, दिलवाले में हमारे बहुत कम दृश्य थे। इसलिए मैंने सोचा कि यह एक उचित फिल्म थी, जिसमें मैंने उनके साथ काम किया। दो पत्ती में हमारे बहुत इंटेंस सीन हैं। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि वह हमारे अब तक के सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक है। मुझे उनके साथ काम करना और भी ज्यादा पसंद है क्योंकि वह हमेशा सीन के लिए कुछ न कुछ लेकर आती हैं। वह मुझसे यह भी कहती थी मुझे लगता है कि तुम्हें यहीं ऐसा करना चाहिए और शायद अगर आप इस तरह व्यवहार करते हैं, तो यह बेहतर हो सकता है। वहीं कृति ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री 'क्रू' पर दर्शकों का रिएक्शन जानने थिएटर पहुंचती है और उनसे खूब सारी बातें भी करती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं इस दौरान कृति को दर्शकों के बीच एक पायलट भी मिलते हैं, जिससे अभिनेत्री मस्ती-मजाक में मांफी भी मांगती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा- वे हंसे, मैं मुस्कुराया! यह प्यार मेरे पूरे क्रू के लिए है!! देवियों!! उड़ान भरी हुई है और यह प्यार और हंसी से भरी है।

## हॉलीवुड मसाला



# अब ओटीटी पर धूम मचाएगी मैडम वेब

मुंबई। मार्वल की फिल्म मैडम वेब ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी स्पेस में भी कदम रख दिया है। प्राइम वीडियो ने जानकारी दी कि फिल्म प्लेटफॉर्म पर आ गई है, लेकिन ग्राहकों के लिए अभी फ्री नहीं है। मैडम वेब को प्राइम स्टोर में जोड़ा गया है, जिसका मतलब है कि ग्राहकों को इसे देखने के लिए पैसे खर्च करने होंगे। फिल्म में फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे फेम डकोटा जॉनसन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो स्टोर पर 13 भाषाओं में उपलब्ध है, जबकि इसे 14 भाषाओं में सबटाइटल के साथ देखा जा सकता है।



# मैदान का वीडियो जारी अजय का अनोखा अंदाज

मुंबई। अजय देवगन की अगली मूवी 'मैदान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है, जो कुछ ही दिनों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मैदान एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिनेता सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब हाल ही में अजय ने फिल्म की रिलीज से पहले अपनी भूमिका की एक झलक दिखाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। अभिनेता अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनकी एंट्री दिखाई गई है। साथ ही वह अपने खिलाड़ियों से बात करते भी नजर आ रहे हैं। अभिनेता कहते हुए सुनाई देते हैं कि सोच एक, समझ एक, दिल एक, दिमाग एक, इसलिए आज मैदान में उतरना 11, लेकिन दिखना सिर्फ एक। मैदान 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# ब्रेकअप के बाद सुसाइड करना चाहती थीं रवीना?

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अक्सर बहुत ही बेबाकी से अपने राय रखने के लिए जानी जाती हैं। वो अक्सर अपने पर्सनल लाइफ से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार से ब्रेकअप के बाद सुसाइड की खबरों को लेकर जवाब देती नजर आई हैं। रवीना से जब इंटरव्यू में सुसाइड करने के रूमर्स से जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक मैगजीन ने स्टोरी कर दी थी, जिसमें कहा गया था कि सगाई टूटने के बाद उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की थी। रवीना ने इस स्टोरी को क्लियर करते हुए बताया कि ऐसा कुछ नहीं था, वो अस्पताल में थीं, क्योंकि वो बीमार थीं। असलियत में वो मेनिनजाइटिस से पीड़ित थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इस बात को साबित करने के लिए उनके पास अस्पताल के सभी रिपोर्ट्स हैं। वो इतनी कमजोर नहीं कि जीवन की एक सिचुएशन से परेशान होकर आत्महत्या करने की सोचें।




# विजय ने किया फ्यूचर प्लांस का खुलासा

**मुंबई।** पॉपुलर साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अक्सर अपने डेटिंग रूमर्स को लेकर चर्चा में रहते हैं। ऐसे में अक्सर उनसे सवाल किया जाता है कि आखिर दोनों कब शादी कर रहे हैं। आखिरकार एक्टर ने अपने फ्यूचर प्लांस का खुलासा किया है। विजय देवरकोंडा इन दिनों मृणाल ठाकुर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म फैमिली स्टार के प्रमोशन को लेकर व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के इवेंट में जब एक्टर से उनके शादी करने के प्लान्स के बारे में पूछा तो एक्टर ने कहा कि वो जल्द शादी कर के पिता बनना चाहते हैं। विजय ने सिर्फ अपनी ख्वाहिश के बारे में ही नहीं बताया, उन्होंने ये भी कहा कि वो लव मैरिज ही करेंगे। ये कहकर देवरकोंडा ने अपने और रश्मिका के रिलेशनशिप रूमर्स पर मोहर लगाई है। एक्टर ने इतना तक कह दिया कि वो अपनी गर्लफ्रेंड से तभी शादी करेंगे, जब उनके माता-पिता इस रिश्ते के लिए तैयार हो जाएंगे।

# आलिया ने वंचित बच्चों के लिए जुटाया फंड



**मुंबई ।** एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने लंदन में चल रहे चैरिटी इवेंट होप गाला को होस्ट किया। उन्होंने इस इवेंट में भारत में वंचित बच्चों के लिए काम करने वाले सलाम बॉम्बे फाउंडेशन की मदद करने के लिए फंड जुटाया। आलिया ने कहा, मुझे इन बच्चों की कहानियों को नया आकार देने में मदद करने में एक छोटी सी भूमिका निभाकर खुशी हुई है। आज हमारे प्रयासों की शुरुआत है और लोगों के समर्थन से मुझे विश्वास है कि हम आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति करेंगे। आलिया ने कहा, सलाम बॉम्बे फाउंडेशन और मंदारिन ओरिएंटल होटल ग्रुप के सहयोग से चैरिटी इवेंट को होस्ट करना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस रहा है। मैं लंबे समय से भारत की मलिन बस्तियों में युवाओं के उत्थान, आशा और अवसर प्रदान करने के लिए पद्मिनी सेखसरिया के अटूट समर्पण की प्रशंसा करती रही हूं।



# पांच भाषाओं में प्रदर्शित होगी रामचरण की गेम चेंजर

**मुंबई।** आरआरआर के बाद रामचरण की अगली फिल्म गेम चेंजर है, जिसे निर्देशक शंकर ने निर्देशित किया है। रामचरण की 'गेम चेंजर' बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की शूटिंग पिछले तीन साल से हो रही है और प्रशंसक तंग आ चुके हैं, क्योंकि उन्हें अभी तक रिलीज डेट का पता नहीं चल पाया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दिल राजू का कहना है कि फिल्म की रिलीज डेट लगभग लॉक हो चुकी है। हाल ही में एक प्रेस मीट में बात करते हुए दिल राजू ने पुष्टि की कि गेम चेंजर पांच भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन एस. शंकर कर रहे हैं।



# प्रियंका और परिणीति के रिश्ते में आई खटास?

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती और पति निक जोनस के साथ इंडिया आई थीं। भले अब एक्ट्रेस वापस अपने ससुराल चली गई हैं, लेकिन उनके इस दौरे के बाद से परिणीति चोपड़ा संग उनके रिश्ते में खटास की खबरों को हवा मिल गई है। ना तो प्रियंका अपनी बहन परिणीति की शादी में शामिल हुई थीं, ना ही वो अब शादी के बाद उनसे मिलीं। जब एक्ट्रेस ने इस बार अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने परिवार के साथ बिताया। मगर फिर भी दोनों बहनों ने भारत में होने बावजूद एक-दूसरे से मिलने की कोशिश नहीं की। ऐसे में नेटिजन्स के मन में यह सवाल खड़े हो रहे हैं।



# आदुजीविथम-द गोट लाइफ का कलेक्शन 50 करोड़ के पार

मुंबई। साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कहर बरपा रही है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मलयालम भाषा में बनी इस फिल्म का डंका बज रहा है। तीन दिनों में 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' ने देशभर में 20 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन ने 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की जानकारी दी है, जिसके मुताबिक, फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक आदुजीविथम-द गोट लाइफ ने तीन दिन में हिंदी सहित सभी भाषाओं में 7.75 करोड़ की कमाई की है।

## बच्चे की मौत का रहा गम, अमिताभ ने जिसे माना गॉडफादर


# ऐसा था जलवा, हीरो से ज्यादा फीस लेते थे महमूद

मुंबई। कॉमेडियन का नाम आता है तो जेहन में महमूद का नाम सबसे पहले आता है। उनकी एक्टिंग का कोई जवाब नहीं था, हर कोई उनकी बेमिसाल अदाकारी का दीवाना था। एक कॉमेडियन का किरदार निभाने वाले एक्टर के नाम से ही फिल्में हिट हो जाया करती थीं। यही वो वजह थी, जिसकी वजह से वो हीरो से भी ज्यादा फीस वसूलते थे। कहा जाता है कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन उन्हें अपना गॉडफादर मानते थे, क्योंकि उन्होंने अभिनेता की उनके करियर में काफी मदद की थी।



### पोलियो ग्रस्त बेटे का था गम

कम ही लोगों को पता होगा कि महमूद के 8 बच्चों में से एक को पोलियो था। फिल्म कुंवारा बाप में अभिनेता ने एक गरीब रिक्शेवाले का किरदार अदा किया था, जिसके बेटे को पोलियो होता है। इसमें उनके बेटे का किरदार उनके असली बेटे ने निभाया था। अपने बेटे के इलाज के लिए एक पिता सब कुछ करता है लेकिन अंत में हार ही हाथ लगती है और वो अपना बेटा खो देता है। ये फिल्म देखने वालों की आंखों में आंसू आ गए थे, और मूवी ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई, जिसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।



### कॉमेडियन, जो देता था सुपरस्टार्स को टक्कर

महमूद मूवी में है या नहीं। उनके नाम से ही मूवी हिट हो जाती थी। फिल्मों के पोस्टर में अभिनेता के होने से उसकी वैल्यू और भी ज्यादा बढ़ जाती थी। अभिनेता हीरो से ज्यादा फीस वसूलते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'किस्मत' के बाद महमूद ने एक्टिंग छोड़ दी थी। अपने परिवार की आर्थिक तंगी को देखते हुए एक्टर ने कई छोटे-मोटे काम करने शुरू कर दिए। दो वक्त की रोटी खाने के लिए उन्होंने निर्देशक राजकुमार संतोषी के पिता पीएल संतोषी की गाड़ी चलाई और एक ड्राइवर बन गए। यही नहीं घर चलाने के लिए उन्होंने अंडे भी बेचे और टैक्सी भी चलाई।

### 40 साल के करियर में की 300 से अधिक फिल्में

महमूद का पूरा नाम महमूद अली था, जिनका जन्म सितंबर 1932 में हुआ था। एक्टर ने मीना कुमारी की छोटी बहन से शादी की थी, हालांकि उन्होंने दो शादी की थी, दूसरी बीवी का नाम ट्रेसी अली था। अभिनेता के टोटल 8 बच्चे थे। अपने 40 साल के फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया। अपने फिल्मी करियर की शुरुआत उन्होंने साल 1943 में आई फिल्म बॉम्बे टॉकीज़ से की थी, जिसमें वो बच्चे ही थे। भारत के राष्ट्रीय हास्य अभिनेता के रूप में इस महान अभिनेता को जाना जाता था।

## खबर संक्षेप



### डीकेएल क्लब के खेल अभ्यर्थियों को दिए टिप्स

**रायगढ़।** डीकेएल क्लब लोहरसिंह मे वॉलीबॉल खेल प्रशिक्षण के साथ साथ पिछले तीन चार महीनो से छग पुलिस भर्ती, एस आई भर्ती, रेलवे पुलिस बल भर्ती हेतु चल रहे शारीरिक व्यायाम प्रशिक्षण एवम संबंधित खेल जैसे 100मीटर दौड़, 800मीटर दौड़, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद इत्यादि खेलों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। रविवार की सुबह 5 बजे से डीकेएल क्लब के प्रशिक्षक दिनेश कुमार चौधरी द्वारा सभी 35 अभ्यर्थियों का सभी खेलों में व्यक्तिगत अवलोकन कर और बेहतर परिणाम के लिए आवश्यक क्रिया कलापों के लिए निर्देशित किया गया, साथ ही अभ्यर्थियों के भोजन आहार संबंधित डाइट प्लान के बारे मे भी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में रविवार को क्लब के प्रशिक्षक दिनेश कुमार चौधरी के साथ क्लब के संरक्षक दिनेश नायक क्षेत्र के डीडीसी खेमराज नायक क्लब के मैनेजर सरोज गुप्ता क्लब के सचिव सेतकुमार गुप्ता क्लब के सिनियर प्लेयर गोलू गुप्ताए, जितेंद्र गुप्ता, टीकू साहू, राजेंद्र साहू, प्रभात नायक सभी ने अभ्यर्थियों को शारीरिक व्यायाम, खेल, लिखित परीक्षा हेतु दिशा निर्देश एवम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शिविर में मतदाता जागरूकता की दिलाई गई शपथ

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही और उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत सरसीवा में शनिवार को खाद्य कारोबार कर्ताओं का एफएसएसएआई के तहत खाद्य अनुज्ञप्ति पंजीयन बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गयाए जिसमे 04 अनुज्ञप्ति और 37 पंजीयन के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संध्या महिलांग के द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के संबध में जानकारी व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शिविर में आए लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ भी दिलवाया गया। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संध्या महिलांग के साथ नमूना सहायक वरुण पटेल भी उपस्थित थे।

### विक्षिप्त महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**पुसौर।** थाना मुख्यालय पुसौर से महज 15 किमी दूर स्थित ग्राम बारडोली निवासी श्रीमती निराशी प्रधान पति शिव प्रधान उम्र लगभग 55 वर्ष की मानसिक स्थिति पिछले कई वर्षो से ठीक नहीं थी जिसके कारण वह घरेलु कार्य न करते हुए अपने में खोई रहती थी। उक्ताशय को लेकर थाना प्रभारी आर के बनजारे के मार्गदर्शन में एएसआईयू एस विश्वाल ने जानकारी दिया कि इसकी बेटी शांति प्रधान ने आकर रिपोर्ट लिखाया है कि उसकी मां श्रीमती निराशी जहरीला पदार्थ सेवन कर मौत हो गई है।

### गर्मी बढ़ते ही बिजली की आंख मिचौली शुरू

**रायगढ़।** तापमान का पारा चढ़ने के साथ ही बिजली आपूर्ति में समस्याएं शुरू हो गई हैं। दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है।जिससे लोगों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं विभागीय मरम्मत कार्य पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। शनिवार को आईटीआई स्थित सब स्टेशन में एक सीटी कंट्रोल ट्रांसफार्मर ब्रस्ट हो गया था। इसके कारण दो घंटे से अधिक समय तक लाइट बंद रही। गर्मी के कारण अचानक बंद हुई लाइट लोगों को काफी परेशान किया। दूसरी ओर सुबह से 4-5 बार पहले ही लाइट गुल हो चुकी थी। कुल मिलाकर गर्मी बढ़ते ही असर दिखना शुरु हो गया है। बीती रात से गर्मी काफी बढ़ गई है। वहीं रविवार को भी सुबह से ही गर्मी का एहसास होने लगा था। ऐसे में राहत के लिए पंखा ही एक सहारा है, लेकिन बार बार बिजली गुल के कारण यह भी नसीब नहीं हो रहा है।

## मतदान केन्द्रों को इन मतदाताओं के अनुकूल बनाने चल रही तैयारी

# 39 हजार 500 दिव्यांग व वयोवृद्ध मतदाताओं को मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव होना है। ऐसे में इससे पहले मतदान केन्द्रों को दिव्यांग व वयोवृद्ध मतदाताओं के अनुकुल बनाने को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी चल रही है।

लोकसभा चुनावों की तारिखों का ऐलान होने के बाद से ही राजनीतिक गलियारों में तो खासी हलचल देखने को मिल रही है। वहीं लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान की आहूति सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। यही वजह है कि प्रशासनिक स्तर पर भी निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इस अभियान के जरिए प्रत्येक वर्ग को मतदान की इस प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि मतदाता मतदान केन्द्र पहुंच कर ज्यादा से ज्यादा अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसी कड़ी में शासन स्तर पर जिले के करीब 39 हजार 500 दिव्यांग व 16 हजार 427 वयोवृद्ध मतदाता हैं। जिन्हें मतदान केन्द्रों में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी। दिव्यांग मतदाताओं के लिए जिन मतदान केन्द्रों में रैंप की व्यवस्था नहीं हैं वहां रैंप का निर्माण भी किया गया है। चूंकि मतदान केंद्र नहीं बदले गए हैं, ऐसे में दिव्यांग मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।



### सुविधाओं से लैस होगी बूथ

मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी व अन्य सुविधाओं को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं, चूंकि मई में गर्मी अधिक होगी, ऐसे में धूप से बचाने छाया की भी व्यवस्था की जाएगी। वहीं वृद्ध मतदाताओं को लाने व ले जाने के लिए तथा सुविधाजनक तरीके से मतदान कराने के बाद उन्हें वापस ले लाने की व्यवस्था भी की जाएगी। मतदान केन्द्रों में एनसीसी व एनएसएस के विद्यार्थियों को बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए तैनात किया जाएगा।

### फैक्ट फाइल

| विस क्षेत्र | दिव्यांग | बुजुर्ग |
|---|---|---|
| जशपुर | 2404 | 2057 |
| कुनकुनी | 2592 | 2050 |
| पत्थलगांव | 2852 | 2483 |
| लैलूंगा | 2280 | 1692 |
| रायगढ़ | 2653 | 2217 |
| खरसिया | 3389 | 2652 |
| धरमजयगढ़ | 2611 | 1912 |
| सारंगढ़ | 4290 | 1617 |

## तीन थाना क्षेत्रों से 12 सटोरिए पकड़े गए, 1.62 लाख की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आईपीएल क्रिकेट में सट्टेबाजों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान चला कर चक्रधरनगर, कोतवाली व खरखिया थाना क्षेत्र से करीब 12 सटोरियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से नगद रकम सहित करीब 1 लाख 62 हजार की संपत्ति जब्त की गई है।

गौरतलब है कि वर्तमान में आईपीएल क्रिकेट मैच चल रहा है। ऐसे में सटोरिए भी सक्रिय हो गए हैं और हर दांव में सट्टा का कारोबार चल रहा है। ऐसे में पुलिस द्वारा पिछले दो दिनों से जिले में सट्टा पट्टी लिखने वालों पर अभियान स्तर पर कार्यवाही की गई है। शनिवार की रात को कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 3 व्यक्तियों को आईपीएल क्रिकेट मैच पर बॉल टू बॉल ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नोट करते पकड़ा गया। जिनसे सट्टे पर लगा नगद 20 हजार रूपए, 7 नग मोबाइल, 1 लैपटॉप जप्त किया ।

- आईपीएल में सट्टेबाजी के खिलाफ चला पुलिसिया अभियान



### इन आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

अभियान में पकड़े गए आरोपी थाना कोतवाली आरोपी मोहम्मद अनीश पिता मोहम्मद पीर उम्र 43 साल निवासी चांदनी चौंक से नकदी रकम 7 हजार, 2 नग मोबाईल व शहनवाज पिता मोहम्मद शमशेर उम्र 28 साल निवासी चांदनी चौंक से जब्ती नकदी रकम 8 हजार रुपए, 3 नग मोबाईल तथा एजाज खान पिता लाल खान उम्र 19 साल से 5 हजार रुपए, 2 नग मोबाईल, 1 नग लेपटाप, गौतम यादव पिता माधव यादव उम्र 36 साल कॉलोनी चक्रधरनगर से 1 हजार 720 रुपए, गौरव उर्फ गोलू पिता प्रमोद पोद्दार उम्र 22 साल निवासी पंजरी प्लाट से 2 हजार 310 रुपए, भोला राठौर रामनाथ राठौर निवासी रतनमहका से 5 हजार 370 रुपए, 2 नग मोबाइल जब्त किया गया।

## वोटर आईडी में आनलाइन सुधार संभव

**सारंगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए देश में चुनाव संबंधी सभी गतिविधियों को पूरा करने की जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की है। आयोग काफी समय से देश में इलेक्शन प्रोसेस को आसान बनाने के लिए काम कर रहा है। आयोग ने कई एप और पोर्टल से चुनाव के प्रक्रिया को सभी मतदाताओं को मोबाइल में सुविधा दी है। इन्ही एप में वोटर हेल्पलाइन चुनाव से जुड़ी सभी जरूरत के लिए बहुउपयोगी है।मतदाता सूची में नाम इस एप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके साथ ही वे यह भी चेक कर पाएंगे कि वे वोट डालने के योग्य हैं या नहीं। वोटर रजिस्ट्रेशन और सुधार मतदाता अपना मतदाता सूची में नाम रजिस्टर्ड नहीं है तो इस ऐप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना वोटर आईडी रजिस्टर कर सकते हैं। इसके साथ ही वोटर आईडी के नाम पता में सुधार कर सकते हैं। वोटर स्लिप डाउनलोड ऐप से वोटिंग के लिए योग्य यूजर्स इलेक्टोरल रोल या फिर डिजिटल फोटो वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं। इस पर यूजर्स चुनाव से जुड़ी जानकारियां मिल जाएगी।

## 38 तक पहुंचा पारा, झुलसा रहा सूरज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते दिनों हुई बारिश के बाद फिर से एक बार तापमान में बढ़ोत्तरी शुरू हो गई है। जिले में तापमान 38 डिग्री के पार पहुंच गया है। आने वाले में तापमान में बढ़ोत्तरी के संकेत है। ऐसे में आने वाले दिनों में तेज धूप से हालाकान होना पड़ेगा। रविवार को अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान करीब 24 डिग्री तक दर्ज किया गया है। दिन भर धूप की तपीस ने लोगों को झुलसाया। इसके साथ ही गर्म हवाएं भी चलती रही। जिसके कारण तेज गर्मी का अहसास हुआ।

आने वाले दिनों में तामपान और बढ़ने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी हवाओं हवाओं के प्रभाव बढ़ने होने के कारण प्रदेश में आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में अगले 2 दिनों तक क्रमशः लगातार वृद्धि होने की संभावना है। पिछले सप्ताह हुए आंधी और बारिश कारण मौसम का मिजाज बदल गया था। लगातार बारिश और बादल के बाद मौसम साफ हो गया है। ऐसे में अब एक बार फिर से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों तक तापमान बढ़ोत्तरी हो गया। ऐसे में इस साल अप्रैल के पहले सप्ताह में ही प्रचंड गर्मी का सामना करना होगा। पिछले सप्ताह हुए बारिश से गर्मी पूरी तरह घट गया था। अब फिर से गर्मी बढ़ने से परेशानी बढ़ गई है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट हुआ था। जिसके बाद फिर एक बार आसमान साफ हुआ। जिसके बाद गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू किया है। पिछले 5 दिनों से तापमान में बढ़ोत्तरी हो रहा है।



### आंधी के साथ बारिश की संभावना

द्रोणिका के प्रभाव से एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार को दिन भर बादल छाए रहे। रविवार को हवा चलने के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका हवा की अनियमित गति अंदरूनी तमिलनाडु से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।



रविवार को जिंदल समूह के संस्थापक ओम प्रकाश जिंदल की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते अफसर।

## 19वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए ओमप्रकाश जिंदल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल समूह के संस्थापक और भारतीय उद्यमिता की धाक पूरी दुनिया में जमाने वाले ओमप्रकाश जिंदल की 19वीं पुण्यतिथि पर जेएसपी परिवार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिंदल स्टील एंड पॉवर के कार्यपालन निदेशक सब्यसाची बंद्योपाध्याय, जिंदल लेडिज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अनंदिता बंद्योपाध्याय एवं वरिष्ठ अधिकारीयों द्वारा उनकी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। फिर पूरे दिन श्रीमद्भगवत गीता का पाठ चलता रहा। इसके अलावा फोर्टिस ओपी जिंदल अस्पताल, आशा द होप, ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी, ओपी जिंदल कम्यूनिटी कॉलेज एवं स्टील स्ट्रक्चरल डिवीज़न पूंजीपथरा में भी श्रद्धांजलि दी गई। जेएसपी फाउंडेशन की टीम द्वारा शहर एवं आसपास के गांवों में विविध कार्यक्रम गए।

- पूरे दिन संयंत्र, आसपास के गांवों और शहर में हुए अनेक कार्यक्रम

31 मार्च को जिंदल समूह के संस्थापक ओपी जिंदल की 19वीं पुण्यतिथि मनाई गई। संपूर्ण जिंदल उद्योग समूह के साथ रायगढ़ में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सुबह 8 बजे जेएसपी परिसर में सेंट्रल बेरियर के पास स्थित श्री जिंदल की प्रतिमा पर जेएसपी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर सब्यसाची बंद्योपाध्याय, श्रीमती अनिंदिता बंद्योपाध्याय, संजीव चौहानए, संजय सिन्हा, अरविंद कुमार भगत, अमित खोखर, राम किशोर सहित अन्य अधिकारीयों ने माल्यार्पण कर ⏭ शेष पेज 4 पर

### पूंजीपथरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

बाबूजी की पुण्यतिथि के अवसर पर पूंजीपथरा स्थित स्टील स्ट्रक्चरल डिवीजन में यूनिट हेड कौशल शर्मा ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मेडिकल एड पोस्ट पूंजीपथरा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यहां मरीजों को निशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। अमलीडीह स्थित नेत्रहीन बच्चों के विद्यालय में भोजन की व्यवस्था भी की गयी।

### नलवा परिवार ने किया बाबूजी को याद



नलवा परिवार द्वारा जिंदल उद्योग समूह के संस्थापक, प्रखर राजनीतिज्ञ एवं समाज सेवक ओम प्रकाश जिंदल बाबूजी की 19वीं पुण्यतिथि 31 मार्च को डायरेक्टर एवं प्लांट हेड एसएस राठी तथा समस्त अधिकारी, कर्मचारी गण, संयंत्र स्थित ओपी जिंदल स्कूल के शिक्षक शिक्षिका एवं श्रमिकों की उपस्थिति में उनकी चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्लांट हेड एसएस राठी द्वारा बाबू को श्रद्धांजलि देते हुए एवं बाबूजी के साथ बिताए अपने कार्य के अनुभवों को याद करते हुए हुए कहा कि बाबू का पूरा जीवन काल प्रेरणा एवं उपलब्धियों से भरा हुआ है, वह हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। जिस तरह स्व. श्री जिंदल अपने दृढ़ इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत एवं लगन के बल एक विशाल जिंदल समूह का गठन किया जो आज वैश्विक स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बना चुका है। इस अवसर पर संयंत्र स्थित मंदिर प्रांगण में एस एस राठी द्वारा बंजारी मंदिर के 11 पंडितों को भोजन करा के वस्त्र आदि दान किया गया साथ ही प्रति वर्ष कि भांती इस वर्ष भी ग्राम तराईमाल के वृद्ध निराश्रित महिलाओं एवम पुरुषों को डायरेक्टर एवं प्लांट हेड एस एस राठी द्वारा वस्त्र वितरण कर उनसे आशीर्वाद लिया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम तराईमाल पंचायत के सरपंच सुश्री लक्ष्मी भगत, उप सरपंच पंचराम मालाकार, पितृमालाकार पूर्व बी डी सी धनेश राम एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### जेपीएल परिवार ने दी श्रद्धांजलि



**तमनार।** कर्मयोगी, उद्योगपति, राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी स्व. ओम प्रकाश जिंदल की 19 पुण्यतिथि 31 मार्च को उनके द्वारा समाज के विकास में किए गए पुनीत कार्यों को स्मरण करते हुए जिंदल परिवार, जेपीएल तमनार ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की किया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें ओपी जिंदल हॉस्पिटल सावित्रीनगर, तमनार में अति कुपोषित 22 बच्चों एवं 06 टीबी मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण व पोषाहार वितरण, 05 कीर्तन मण्डलियों को वाद्ययंत्र वितरण, नेत्रहीन बाल विद्या मंदिर अमलीडाही में सद्भावना भेंट व भोजन व्यवस्था के साथ सावित्रीनगर स्थित बालाजी मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन कर स्व. ओम प्रकाश जिंदल को श्रद्धासुमन अर्पित की गई। सर्वप्रथम सावित्रीनगर आवासीय परिसर में पूजन, हवन अनुष्ठान कर उन्हें स्मरण करने के पश्चात जिंदल पावर लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में नव प्रतिस्थापित स्व.श्री जिंदल के प्रतिमा के समक्ष छविनाथ सिंह, कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड, जेपीएल तमनारए संदीप सांगवान, उपाध्यक्ष, डीके भार्गव, कार्यकारी उपाध्यक्ष, आरडी कटरे, उपाध्यक्ष, अजित राय, सहायक उपाध्यक्ष, एके सिंह, सहायक उपाध्यक्ष, एनके सिंह सहायक उपाध्यक्ष, आरपी मिश्रा, सहायक उपाध्यक्ष, एसके गुप्ता, सहायक उपाध्यक्ष, ऋषिकेश शर्मा, महाप्रबंधक, सुदीप सिन्हा, महाप्रबंधक, आरएपी पाण्डेय विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ व कनिष्ठ प्रबंधकों के उपस्थिति में पुष्पार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जनहितैषी एवं विकास कार्यों को स्मरण किया। पुण्यतिथि कार्यक्रम को प्रथमतया सम्बोधित करते हुए संदीप सांगवान ने कहा कि स्व. ओम प्रकाश जिंदल सामान्यतः एक सामान्य किसान होने के बावजूद अपने कठिन परिश्रम और कुछ कर गुजरने की चाह के बलबुते विकसित जिंदल समूह की स्थापना की।

## तारापुर के नेहरू युवा केन्द्र के संयोजन में विविध प्रतियोगिताएं

**रायगढ़।** जब से निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तारीखों का ऐलान किया गया है तब से देशभर में शासन प्रशासन द्वारा व्यापक रूप से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने और शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु गांव, कस्बों और शहरों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी तारतम्य में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त संस्था नेहरू युवा केन्द्र रायगढ़ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना तारापुर इकाई द्वारा मतदान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान के महत्व को समझाने के उद्देश्य से जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे के निर्देशन में सघन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर में प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक रायगढ़ भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में स्कूली छात्र छात्राओं के बीच हुआ। जिसमें संस्था के अधिकाधिक युवा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया इसमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन प्रतिभागी को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया।



चित्रकला एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तानिया पटेल, द्वितीय ममता पटेल, तृतीय रोशनी बरेठ को प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि आप सभी का कार्य सराहनीय है तथा रंगों का संयोजन एवं भाव की अभिव्यक्ति के माध्यम से आप लोगों ने विषय के अनुरूप चित्रांकन करते हुए अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। श्री श्रीवास्तव ने आयोजक नेहरू युवा केंद्र एवं समस्त विद्यालय परिवार को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे ने भी आयोजन के उद्देश्य एवं थीम को बताते हुए मतदाता जागरूकता के लिए युवाओं की भूमिका को अहम बताया तथा समस्त सहयोगियों को विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं एनएसएस के जिला संगठक भोजराम पटेल ने इस आयोजन के लिए सभी सहयोगियों को धन्यवाद दी।

## गहरी नींद में सोता रहा परिवार अपचारी बालक ने चुराए 96 हजार

**रायगढ़।** तीन दिन पहले खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी महिला के घर में मध्य रात्रि को किसी अज्ञात चोर ने अलमारी में रखे 96 हजार रूपयों पर हाथ साफ कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है, वहीं उसे बाल संप्रेषण गृह भेज दिया गया है।



ज्ञात हो बीते दिनों समारीन उरांव उम्र 43 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया था कि गांव के 2 व्यक्तियों को पूर्व में 1.60 लाख रूपए उधार में दी थी, जिसे उन्होंने लौटाया था। इस रकम में से करीब 96 हजार 250 रूपए शेष बचे थे, जो आलमारी में रखे थे। 28 मार्च की रात वे सभी खाना खाकर सभी सो गए थे। 29 मार्च को सुबह उन्होंने देखा तो आलमारी का दरवाजा खुला था और अलमारी के अंदर लेडिस पर्स में रखे 96 हजार 250 रुपए नहीं थे, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। घटना की रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद कर विवेचना में प्रारंभ की गई। पतासाजी के क्रम में प्रार्थिया के पड़ोस में रहने वाले संदेही बालक को तलब कर पूछताछ की गई। उक्त संदेही बालक एक साल पहले भी चोरी के अपराध में शामिल था।

